पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर
कोनी-बिरकोना मार्ग, ग्रा. / पो. - बिरकोना, जिला - बिलासपुर (छ.ग.)
फोन नं. 07752-240711, 240712 Website : www.pssou.ac.in Email : Info@pssou.ac.in


# वृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम

18 जुलाई, 2017

पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर के परिसर में दिनांक 18.07.2017 को प्रातः 11:30 बजे वृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में वन विभाग के साथ–साथ स्थानीय नागरिकों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। विश्वविद्यालय परिसर में 300 पौधों का रोपण हुआ।

वृक्षारोपण के कार्यक्रम पश्चात् विश्वविद्यालय के सभागार में बैठक आयोजित हुई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बंश गोपाल सिंह जी ने इस अवसर पर कहा कि हरियाली और पानी बचाने के लिए हम सभी को सजग होकर वृक्षारोपण करने की आवश्यकता है। यह हमारी नैतिक, सामाजिक जिम्मेदारी है।

वृक्षारोपण कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति / कुलसचिव / समस्त अधिकारी / कर्मचारी / विद्यार्थी वन के सदस्य, सहित लगभग 110–120 लोग उपस्थित रहे।

VERIFIED
REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

Dr. S. Rupendra Rao
Incharge NAAC Criteria-III
PSSOU, CG Bilaspur

# पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

कोनी-बिरकोना मार्ग, ग्रा./पो. - बिरकोना, जिला - बिलासपुर (छ.ग.)

फोन नं. 07752-240711, 240712 Website : www.pssou.ac.in Email : Info@pssou.ac.in


## सशस्त्र सेना झण्डा दिवस

07 दिसंबर, 2017

सशस्त्र सेना झण्डा दिवस भारतीय सशस्त्र बलों के कर्मियों के कल्याण हेतु देश की जनता से धन संग्रह के प्रति समर्पित एक दिवस है। झण्डा दिवस पर हुये धन संग्रह के तीन मुख्य उद्देश्य है– 1. युद्ध के समय हुई जन हानि में सहयोग, 2. सेना में कार्यरत कर्मियों और उनके परिवार के कल्याण और सहयोग हेतु एवं 3. सेवानिवृत्त कर्मियों और उनके परिवार के कल्याण हेतु।

उक्त पुनीत कार्य हेतु विश्वविद्यालय द्वारा सूचना/आग्रह का प्रसारण हुआ। इस दिवस पर सशस्त्र सेना के प्रतीक चिन्ह झण्डे को धन संग्रह हेतु विश्वविद्यालय के अधिकारी/कर्मचारियों को वितरित किया गया। अधिकारी/कर्मचारी ने इस पुनीत कार्य में सहज सहयोग देते हुए स्वैच्छिक अनुदान प्रदान किया। विश्वविद्यालय द्वारा इससे प्राप्त राशि को शहीदों के कल्याणार्थ भारत सरकार को प्रेषित किया गया।

आदेशानुसार

VERIFIED

REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

Dr. S. Rupendra Rao
Incharge NAAC Criteria-III
PSSOU, CG Bilaspur

# पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

कोनी-बिरकोना मार्ग, ग्रा./पो. - बिरकोना, जिला - बिलासपुर (छ.ग.)

फोन नं. 07752-240711, 240712 Website : www.pssou.ac.in Email : Info@pssou.ac.in

## राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस

11 दिसम्बर, 2017

कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन के पत्र क्रमांक 1142/102/आउशि/2017 नया रायपुर दिनांक 07.12.2017 तथा विशेष सचिव छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक एफ10–13/2017/1–5/नया रायपुर दिनांक 05.12.2017 के अनुसार दिनांक 10 दिसम्बर, 2017 को रविवार होने के कारण दिनांक 11 दिसम्बर, 2017 को राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस मनाए जाने का निर्देश प्राप्त हुआ। इसके अनुपालन में उक्त निर्देशित दिनांक को प्रातः 11:00 बजे विश्वविद्यालय के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर कुलपति प्रो. बंश गोपाल सिंह जी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को बिना किसी भेदभाव के सभी प्रकार के अधिकार और स्वतंत्रता दी गई है। नस्ल, रंग, लिंग, भाषा, धर्म, राजनीतिक या अन्य विचार राष्ट्रीयता या सामाजिक उत्पत्ति, सम्पत्ति, जन्म आदि जैसी बातों पर कोई भेदभाव नहीं किया जा सकता। कोई भी देश या प्रदेश की राजनैतिक, क्षेत्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्थिति के आधार पर वहाँ के निवासियों के प्रति कोई फर्क नहीं रखा जायेगा। कुलसचिव डॉ. राजकुमार सचदेव जी ने भी इस अवसर पर अपने संक्षिप्त विचार रखें।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय समस्त अधिकारी/कर्मचारी/विद्यार्थी सहित लगभग 110–120 लोगो की उपस्थिति रही। कुलपति महोदय के द्वारा शपथ दिलाए जाने के पश्चात् कार्यक्रम का समापन हुआ।

आदेशानुसार

VERIFIED
REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

Dr. S. Rupendra Rao
Incharge NAAC Criteria-III
PSSOU, CG Bilaspur

# पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

कोनी–बिरकोना मार्ग, ग्रा./पो. – बिरकोना, जिला – बिलासपुर (छ.ग.)

फोन नं. 07752-240711, 240712 Website : www.pssou.ac.in Email : Info@pssou.ac.in


## तृतीय अन्तरराष्ट्रीय योग– दिवस समारोह

21 जून, 2017

कार्यक्रम विवरण –

तृतीय अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर के महामाया भवन के सभागार में किया गया। मान. कुलपति प्रो. बंश गोपाल सिंह जी के द्वारा दीप प्रज्जवलन कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने योग के पुरातन एवं आध्यात्मिक महत्व को बताते हुए इसके विश्वव्यापी महत्ता की ओर ध्यानाकृष्ट किया। इसके पश्चात् आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी सामान्य अभ्यास क्रम का प्रदर्शन तथा संचालन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने इस अभ्यास क्रम के अन्तर्गत विभिन्न आसन, प्राणायम एवं ध्यान आदि योगाभ्यासों का साथ–साथ अभ्यास किया।

सामान्य अभ्यास क्रम के अतिरिक्त अन्य कार्यक्रम भी साथ साथ संचालित किये गये। विश्वविद्यालय के योग विज्ञान के विद्यार्थियों द्वारा सूर्यनमस्कार पर पावर पॉइन्ट प्रेजेन्टेशन दिया गया तथा इनके द्वारा संगीतमय यौगिक प्रस्तुतियॉ भी दी गई। विद्यार्थियों द्वारा मयूरासन, पूर्णशीर्षासन, हनुमानासन तथा नौलि क्रिया जैसे कठिन अभ्यासों का भी प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम के साथ कर्मयोग को भी स्थान दिया गया। इसके तहत वि.वि. परिसर को पूर्ण स्वच्छ बनाने की दिशा में खरपतवार व गाजर घास उन्मूलन के साथ प्लास्टिक एवं पॉलिथिन मुक्त करने पर कार्य किया गया। कार्यक्रम के समापन में वि.वि. के मान. कुलपति एवं कुलसचिव द्वारा विद्यार्थियों को सम्मान पत्र प्रदान किया गया।

इस योग दिवस समारोह में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजकुमार सचदेव, विभागाध्यक्ष डॉ. एस. रूपेन्द्र राव एवं समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित हुए।

कार्यक्रम उद्देश्य –

भारत सरकार के आदेश के अनुपालन एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर योग की प्रतिस्थापना के समर्थन में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग भारतीय संस्कृति की प्राचीनतम् विधा है इसे पुष्पित एवं पल्लवित करने में योग दिवस के आयोजन का विशिष्ट महत्व है। वर्तमान व्यस्ततम जीवन में स्वास्थ्य सुरक्षा सबके लिये एक चुनौती बनी हुई है। योग इस चुनौति के लिये उपयुक्त माध्यम है। स्वास्थ्य की दृष्टि से इस कार्यक्रम की विशेष उपयोगिता है।

कार्यक्रम का प्रतिफल –

कार्यक्रम के आयोजन से प्रतिभागियों में योग के अभ्यासों एवं उसकी उपयोगिता के प्रति जागरूकता बढ़ी। कार्यक्रम में ध्यान के अभ्यास ने मानसिक प्रबंधन का नया मार्ग प्रशस्त किया। भारतीय विधा का अंतरराष्ट्रीय पटल पर स्थापित होने से अपने राष्ट्र एवं संस्कृति के प्रति गौरव का अनुभव कराया।

VERIFIED

REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

Dr. S. Rupendra Rao
Incharge NAAC Criteria-III
PSSOU, CG Bilaspur

संयोजक
अध्यक्ष
योग विज्ञान विभाग
पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) वि.वि,
बिलासपुर (छ.ग.)